p>

Title: Need to include tourist sites of Odisha state for development under Iconic Tourist Destinations of Government of India.

श्री अच्युतानंद सामंत (कंधामल): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे जीरो आवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपको मेरे काम के बारे में पता है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से जीरो आवर में ओडिशा के बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । इस तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए दस दिन से जीरो आवर का नोटिस डाल रहा हूं, लेकिन मेरा भाग्य खराब है कि लॉटरी नहीं निकली । अगर आप आज स्पेशल जीरो आवर नहीं करते तो मुझे आज भी बोलने का मौका नहीं मिलता । अभी भारत सरकार की तरफ से यूनियन बजट 2019-20 में घोषणा की गई है, 17 sites have beenidentified and selected as iconic tourist destinations from among 11 States and one Union Territory. We all know that the State of Odisha is home to a number of incredible tourist destinations, including a World Heritage site, the Sun Temple at Konark. There are other places like the Chilka Lake, and also a tourist circuit including Lalitgiri, Ratnagiri and Udaigiri. We also have the Lord Jagannath *mandir* and many such other places. But surprisingly, not a single tourist spot in Odisha has been included in the 17 sites that have been selected by Government of India as iconic tourist destinations. 4 करोड़ 50 लाख ओडिशावासी पूरी तरह से दुख में टूट गए हैं । वे इतने दुखी हैं, they cannot understand how this has happened.

यहां जितने मान्यवर सांसद बैठे हैं, सब इन साइट्स पर घूमे होंगे । सारे वर्ल्ड में लोग चकित हो गए हैं कि कैसे इसमें साइट नहीं है । मैं आपके माध्यम से

भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि इनमें से दो-तीन साइट्स जल्दी से जल्दी टूरिस्ट डेस्टिनेशन में आनी चाहिए । ओडिशा वासी इससे दुखी हैं । सारी दुनिया में जो इन टूरिस्ट स्पॉट्स को जानते हैं, वे भी दुखी हैं । मैं ज्यादा समय न लेते हुए भारत सरकार से, पर्टीकुलरली पर्यटन विभाग से अनुरोध करूंगा चाहे जैसे भी हो, दो-तीन टूरिस्ट स्पॉट्स को एड करें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और सप्तगिरी उलाका को श्री अच्युतानंद सामंत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।